संकट मोचन नाम है बजरंग तुम्हारा भजन लिरिक्स

संकट मोचन नाम है बजरंग तुम्हारा-बजरंग तुम्हारा।
(तर्ज :- जनम जनम का साथ है)

संकट मोचन नाम है बजरंग तुम्हारा-बजरंग तुम्हारा।
उसकी विपदा टारी तूने, जिसने तुझे पुकारा॥
संकट मोचन …

लंकपुरी मैँ जाकर पता सिया का लगाया।
बड़े बड़े असुरोँ को तूने मार गिराया।
फल खाये, बाग उजाड़े, अक्षय को मारा॥१॥
संकट मोचन …

लखन को मूर्छा आई रामचन्द्रजी घबराये।
गये उड़के लंका मेँ वैद्य सुषेन को लाये।
महल सहित उठाया लाकर वन मेँ उतारा॥२॥
संकट मोचन …

कहा वैद्यजी ने ये बूँटी संजीवन लानी है।
सूरज उगने से पहले लखन को पिलानी है।
हे पवनसुत करो तुम्हीँ काम ये हमारा॥३॥
संकट मोचन …

द्रोणागिरि जाके बाला तुरन्त औषधि लाये।
जाग उठे शेष अवतारी जब घोल पिलाये।
कहा राम ने बजरंग तू है प्रिय भ्रात हमारा॥४॥
संकट मोचन …

हे महावीर बलकारी रणधीर तुम हो।
भक्तोँ की बनाते बिगड़ी तकदीर तुम हो।
'खेदड़' पे कृपा दृष्टि रखना है दास तुम्हारा॥५॥
संकट मोचन …

संकट मोचन नाम है बजरंग तुम्हारा-बजरंग तुम्हारा।
उसकी विपदा टारी तूने, जिसने तुझे पुकारा॥
संकट मोचन …

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com